

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 अगस्त 2023

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी देश के विद्‌युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और देश की विशाल अप्रयुक्त जलविद्‌युत क्षमता के दोहन के लिए केंद्र व राज्य सरकारें एनएचपीसी पर अपना विश्वास रखती हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 21 जुलाई, 2023 को अरुणाचल प्रदेश सरकार ने दो मेगा परियोजनाओं अर्थात 2000 मेगावाट की सुबनसिरी अपर जलविद्‌युत परियोजना और 1800 मेगावाट की कमला जलविद्‌युत परियोजना एनएचपीसी को आवंटित किए जाने के लिए मंजूरी प्रदान की है। हमारे पोर्टफोलियो में इन परियोजनाओं का शामिल होना हमारे व्यावसायिक विस्तार के प्रयास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

परियोजनाओं में कई बार आई विभिन्न चुनौतियों के बावजूद हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति उत्साहवर्धक रही है। रंगित IV जल विद्‌युत परियोजना (120 मेगावाट) में, डैम टॉप अर्थात ओवरफ्लो ब्लॉक नं. 5 का ईएल 471 मीटर तक कंक्रीटिंग 6 जुलाई, 2023 को पूरी कर ली गई है। इसके अलावा तीस्ता- VI परियोजना (500 मेगावाट) में 22 जुलाई 2023 को एचआरटी हेडिंग उत्खनन में 5 किलोमीटर की संचयी प्रगति प्राप्त की गयी है। पकल दुल जलविद्‌युत परियोजना (1000 मेगावाट) में, एचआरटी-1 के निर्माण के लिए टनल बोरिंग मशीन-1 को लगाए जाने का कार्य दिनांक 25 जुलाई, 2023 को सफलतापूर्वक किया गया।

जैसा कि आप सभी जानते हैं, देश का उत्तरी भाग में चालू मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन से अत्यधिक नुकसान हुआ है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, एनएचपीसी हमेशा बड़े स्तर पर जनता के कल्याण के बारे में सरोकार रखती है और इस कठिन समय में राष्ट्र के साथ खड़ी है। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि एनएचपीसी ने 26 जुलाई, 2023 को हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) में 3 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी ने हिमाचल प्रदेश में स्थित डुगर जल विद्‌युत परियोजना (500 मेगावाट) से सम्बद्ध स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एलएडीएफ) की 14.95 करोड़ रुपए की पहली किस्त हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को जारी की है। इस निधि से हिमाचल प्रदेश की दुर्गम, पांगी तहसील में विकास संबंधी कार्य करने में बहुत अधिक सहायता मिलेगी।

दिनांक 08.07.2023 को हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हुई भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के कारण, हमारे कुछ पावर स्टेशनों अर्थात् चमेरा-II, चमेरा-III, पार्बती-III और बैरा स्यूल में विद्‌युत उत्पादन प्रभावित हुआ। हालाँकि, हमारे कार्मिकों के अथक प्रयासों और स्थानीय प्रशासन के समर्थन से, इन पावर स्टेशनों में विद्‌युत उत्पादन फिर से शुरू हो गया है।

श्री जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति (2022-23) ने 5 जुलाई, 2023 को सुबनसिरी लोअर परियोजना (2000 मेगावाट) का दौरा किया और चल रही निर्माण गतिविधियों की प्रगति का जायजा लिया। समिति ने 7 जुलाई, 2023 को शिलांग (मेघालय) का भी दौरा किया और "विद्युत संशोधन विधेयक 2022" और अन्य संबंधित मुद्दों के संबंध में विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों व श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) के नेतृत्व में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की । समिति ने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की बहुत सराहना की।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं -**

- श्री ओजिंग तासिंग, माननीय एमएलए, पंगिन, अरुणाचल प्रदेश 18 जुलाई 2023 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय के दौरे पर आए। माननीय एमएलए ने श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) के साथ एक बैठक की और एनएचपीसी की आगामी परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों और अरुणाचल प्रदेश में स्थानीय लोगों के लिए कल्याणकारी पहलों पर चर्चा की।
- श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने 19 जुलाई 2023 को श्रीमती ममता वर्मा, आईएएस, प्रधान सचिव, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, गुजरात सरकार से गांधीनगर (गुजरात) में मुलाकात की। श्री बासु ने प्रधान सचिव को गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर एनएचपीसी के प्रयासों के बारे में अवगत कराया।
- एनएचपीसी सीएसआर योजना के अंतर्गत राजस्थान के जोधपुर और नागौर जिले में स्थित सरकारी स्कूलों में ग्रामीण ज्ञान ज्योति केंद्र स्थापित करने के लिए एनएचपीसी और यूनिवर्सल हेल्थ फाउंडेशन के बीच 3 जुलाई 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- 21 से 23 जुलाई, 2023 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में एनएनएस मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित 'गवर्नमेंट एचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो -2023' के दौरान एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।
- आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 12 जुलाई, 2023 को एनएचपीसी चिकित्सा विभाग द्वारा अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 16 जुलाई, 2023 को सेंटर फॉर साइट और फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल के सहयोग से एनएचपीसी आवासीय परिसर में एक नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी और यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के बीच 27 जुलाई 2023 को गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश की छोटी और बड़ी परिक्रमा में 1.5 करोड़ रुपये की लागत से 3 साल के लिए टीटीएसपी वाटर बूथ, वॉटर लाइन और ट्यूबवेल के ओ एंड एम के लिए सीएसआर सहायता प्रदान करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- जुलाई 2023 माह के दौरान राजस्व संग्रह रु. 1063.70 करोड़ और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जुलाई 2023 तक संचयी राजस्व संग्रह 2786.82 करोड़ रुपये था।
- माह जुलाई 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 10967 मिलियन यूनिट रहा।

आगामी दिनों में हम सभी देश के स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहे हैं, आइए हम इस अवसर पर और अधिक प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ अपने देश की बेहतरी के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें। मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस और रक्षा बंधन के शुभ अवसरों की बधाई देता हूं।

भवदीय,

(आर.के. विश्नोई)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक